भारत सरकार

खान मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. †2958

दिनांक 17.12.2025 को उत्तर देने के लिए

वारंगल में चिह्नित खनिज भंडार

†2958. डॉ. कडियम काव्यः

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) केरल के वारंगल जिले में चिह्नित खनिज भंडारों का ब्यौरा क्या है;
(ख) नई खदानों के लिए पर्यावरणीय मंजूरी की स्थिति का ब्यौरा क्या है;
(ग) स्थानीय निकायों के साथ राजस्व बंटवारे का ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या सरकार ने सुरक्षा संबंधी संपरीक्षा कराई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कोयला और खान मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): केरल राज्य में वारंगल नाम का कोई जिला नहीं है। तथापि, तेलंगाना राज्य के वारंगल जिले में, दिनांक 01.04.2025 तक भारतीय खान ब्यूरो द्वारा अनुरक्षित राष्ट्रीय खनिज सूची के अनुसार, लौह (मैग्नेटाइट) के लिए 'शेष संसाधन' श्रेणी के तहत कुल संसाधन लगभग 40 मिलियन टन हैं।

(ख) से (घ): वारंगल जिले में कोई भी प्रमुख खनिज पट्टा मौजूद नहीं है और न ही किसी प्रमुख खनिज ब्लॉक की नीलामी की गई है। इसलिए, पर्यावरणीय मंजूरी, स्थानीय निकायों के साथ राजस्व साझाकरण और सुरक्षा संबंधी संपरीक्षा करने जैसे मुद्दे नहीं उठते।

*****